सीखी जीने की कला

मधुबन में समर कैम्प से देशभर से 4 हजार बच्चे हुए शामिल , साथ ले गए मुस्कुराहट व यादें

# बच्चे ही हैं हमारे आने वाले कल की तकदीर

समर कैम्प में शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन करते बच्चे तथा कॉन्फ्रेंस हॉल में मंच पर प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सराहते बच्चे।

**शिव आमंत्रण, आबूरोड।** कहते है बच्चे ही आने वाले कल की तकदीर है। यदि बच्चों का जीवन संवर जाये तो देश का भविष्य संवर जायेगा। इसी उद्देश्य को लेकर ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के शिक्षा प्रभाग द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के शांतिवन में अडतीसवें बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे भारत से चार हजार बच्चें भाग लेने पहुंचें। इन बच्चों के जीवन में मूल्यों की समावेशता तथा संस्कारों के सींचन के लिए प्रात: काल से रात्रि तक दिनचर्या बनाकर उन्हें सदकर्मों के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षा प्रभाग के अध्यक्ष बीके निर्वैर ने इस अवसर पर रेडिओ मधुबन का सुनते रहो, मुस्कुराते रहो स्लोगन याद दिलाया और अच्छी बातों को सदा सुनते रहने का, मुस्कुराते रहने का संदेश बच्चों को दिया। उन्होंने कहा, ईश्वरीय ज्ञान सुनकर धारण करते रहेंगे और योग करते रहेगे। तो कोमलता, मधुरता जैसे गुण बढ़ते जायेंगे।

सूचना निदेशक बीके करुणा तथा शांतिवन के मुख्य अभियन्ता बीके भरत ने कहा, पढ़ाई के साथ आपको ईश्वरीय पढ़ाई पढ़ने को मिल रही है इसलिए आप डबल भाग्यवान हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बता रहे है उस योग से शारिरीक स्वास्थ्य मिलेगा और इस योग से मानसिक शक्ति प्राप्त होगी। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षा प्रभाग के अध्यक्ष बीके निर्वैर, सूचना निदेशक बीके करुणा, मुख्यालय संयोजक बीके शीलू, राष्ट्रीय संयोजक बीके हरीश शुक्ला, शांतिवन के मुख्य अभियंता बीके भरत तथा कई लोगों ने दीप प्रज्ज्वलन से किया।

## ट्रैफिक रूल्स में है हमारी सुरक्षा




**शिव आमंत्रण, बोरीवली।** सड़क दुर्घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए सरकार ने विभिन्न प्रकार के सड़क यातायात और सड़क सुरक्षा नियम बनायें हैं। हमें उन सभी नियमों और नियंत्रकों का पालन करना चाहिए। लोगों में इसी जागरूकता को फैलाने की मंसा से मुंबई में बोरीवली स्थित ब्रह्माकुमारीज़ के सेवाकेंद्र प्रभु उपवन भवन में संगोष्ठी आयोजित की गई। संस्थान के यात्रा और परिवहन प्रभाग के अंतर्गत आयोजित इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रसिद्ध टीवी कलाकार ऐश्वर्या सखुजा ने शिरकत की और अपने विचार व्यक्त किए। विधायक प्रकाश सुर्वे ने सड़क सुरक्षा के लिए सब जरूरी मदद देने का आश्वासन दिया। प्रसिद्ध टीवी कलाकार ऐश्वर्या सखुजा ने कहां, ट्राफिक सेफ्टी रूल्स और किसी के लिए नही बल्कि खुद की सेफ्टी के लिए जरूरी है। संगोष्ठी में प्रभाग की उपाध्यक्षा बीके दिव्यप्रभा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के पीछे बहुत से कारण होते हैं, साथ ही प्रभाग की कार्यकारी सदस्या बीके कविता ने संस्थान द्वारा जागरूकता के लिए आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रमों के विज़न से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान ड्रामा प्रस्तुति के द्वारा लोगों को समझाने का प्रयास किया गया कि..... रोड पर चलते समय अगर हम सावधानियां बरतें तो हम दुर्घटनाओं को टाल सकते हैं। अंत में बीके दिव्यप्रभा ने अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट की। इसी क्रम में बृहन मुंबई विद्युत आपूर्ति और परिवहन निगम के कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए तनाव प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 6 वरिष्ठ अधिकारियों व 54 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान बीके जिग्ना ने अध्यात्मिकता द्वारा तनाव मुक्त बनने की सलाह दी।

प्रेरणा

बैडमिंटन के कोच पद्मश्री एस. एम. आरिफ के विचार

# हर एक को ईश्वरीय ज्ञान मिलना जरूरी

शिव आमंत्रण ■ हैदराबाद

गेट टूगेदरकार्यक्रम में बोलते बेडमिंटन कोच पद्मश्री एस.एम आरिफ।

ब्रह्माकुमारीज़ के स्पोर्टस् विंग द्वारा सांप्रत क्रीडा जगत् में खिलाड़ियों को ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा दिया जा रहा मार्गदर्शन अति आवश्यक है। यह ज्ञान क्रीडा जगत की प्यास बुझायेगा। योगसाधना में जबरदस्त ताकत है। किसी भी क्षेत्र का व्यक्ति जीवन में इससे अग्रसर हो सकता है। यह ज्ञान हर एक को मिलना जरूरी है। उक्त विचार भारतीय बैडमिंटन के कोच पद्मश्री एस. एम. आरिफ ने व्यक्त किये। ज्ञानसरोवर एकेडमी में स्पोर्टस विंग द्वारा आयोजित कान्फ्रेंस में पार्टीसिपेट करने गये स्पोर्टस पर्सन के लिए हैदराबाद के शांति सरोवर में डिवाइन गैट-टूगेदर का आयोजन किया गया, जिसमे २० लोगो ने कान्फ्रेंस के दौरान अपने अविस्मरणीय अनुभव सभी के साथ साझा किए। श्री. आरिफ ने इस वक्त माउण्ट आबू के कई अनुभव शेयर किए और कहा कि, योग से कई बातें आत्मा मे गहराई तक जाती है और आत्मा डिवाईन बन जाती है। मै ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के बारे में इसलिए खुश हूँ क्योंकि यहाँ हरेक की व्यक्तिगत समस्या सुलझाई जाती है। स्पोर्टस विंग की राष्ट्रीय संयोजिका बीके कुलदीप ने भी अपनी शुभकामना व्यक्त की।

गैट-टूगेदर के शुभारंभ में बीके वम्सी ने पॉवर पॉईन्ट प्रेजेन्टेशन के द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा की जा रही सेवाओं से उपस्थितों को अवगत कराया।

# यौगिक उत्पादों से फूड फेस्टिवल

केंद्रिय कृषि ग्रामीण विकास राज्यमंत्री पुरुषोत्तम भाई रुपाला ने सराहा

फूड फेस्टिवल कार्यक्रम में कृषि ग्रामीण विकास राज्यमंत्री पुरुषोत्तम भाई रुपाला व अतिथि शाश्वत यौगिक खेती से बनाये व्यंजनों का लुत्फ लेते हुए।

**शिव आमंत्रण, गांधीनगर।** भारत के प्रधानमंत्री ने जब से जैविक खेती के प्रति इच्छा दिखायी है तब से देश के कई हिस्सों में जैविक खेती का प्रचलन बढ़ रहा है। परन्तु जैविक खेती के साथ यदि यौगिक खेती को भी शामिल कर लिया जाये तो निश्चित तौर पर यह मानव स्वास्थ्य के लिए बेहतर होगा। ऐसा ही प्रयास ब्रह्माकुमारीज संस्थान का ग्राम विकास प्रभाग पिछले कई वर्षों से लगातार कर रहा है। इसके तहत गुजरात, गांधीनगर के शाहपुर में जैविक और यौगिक खेती विषय पर कार्यक्रम का आयोजन तो किया ही गया साथ ही शाश्वत यौगिक खेती से उत्पन्न हुए अनाज से फूड फेस्टिवल का भी आयोजन किया गया। जिसमें करीब 36 प्रकार के व्यंजन बनाये गये। यह अपने आप में एक अनोखा था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन करने भारत सरकार के पंचायती राज एवं कृषि ग्रामीण विकास राज्यमंत्री पुरुषोत्तम भाई रुपाला, ब्रह्माकुमारीज संस्थान के सूचना निदेशक बीके करुणा, ग्राम विकास प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका बीके सरला, मुख्यालय संयोजक बीके राजू, महादेवनगर की प्रभारी बीके चन्द्रिका के कर कमलों से किया गया। पुरुषोत्तम रुपाला ने शाश्वत यौगिक खेती की तारीफ की और ब्रह्माकुमारीज संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान देश के सभी वर्गों में मूल्यनिष्ठता और विकास के लिए बेहतरीन कार्य कर रही है। इसके साथ ही व्यंजनों का भी भरपूर आनंद लिया।

# प्रकाश और पवित्रता का स्थान,सेंट पीटर्सबर्ग का लाइट हाऊस

27 वे वर्धापन दिन में मान्यवरों ने दिये विचार

डान्स ग्रुप के साथ सम्माननीय अतिथि एवं ब्रह्माकुमारीज़ बहनें।

**शिव आमंत्रण, पीटर्सबर्ग।** ब्रह्माकुमारीज का सेवाकेंद्र लाइट हाऊस प्रकाश और पवित्रता का स्थान है। दुनिया में विकारों की अति का समय होते हुए भी मानवता के लिए आध्यात्मिक मूल्यों का नूतनीकरण और नैतिक उन्नति के लिए पिछले पाच दशक से यह लाइट हाउस ने जो पर्यावरणीय, सामाजिक और शिक्षात्मक कार्यक्रम जारी किए है उससे यहाँ के लोग खुश हैं। उपरोल्लेखित संदेश सेंट पीटर्सबर्ग के बुद्ध मंदिर के धर्मगुरू सयान लामा ने कहा।

इसके लिए धर्मगुरू ने दादी जानकी को लिखे सराहना पत्र मे कहा है, कि आप की नि:स्वार्थ सेवा और बुद्धिमत्ता ने संस्था की सदस्य संख्या लाखो में ले जाने के लिए मदद की है। इसके लिए आप हमारे खास सम्मान के पात्र हैं और हमारे लिए वंदनीय भी है।

सेंट पीटर्सबर्ग ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र लाइट हाउस की सालागिरह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुजरात जोन की निदेशिका बीके सरला, मेडिकल विंग के कार्यकारी सदस्य डॉ. मुकेश पटेल, दास्तान गुंजेचोइनोई के बौद्ध मंदिर के सयान लामा, रशियन फिलॉसॉफिकल सोसायटी के विदेश व्यवहार विभाग के उपाध्यक्ष अरिझ गेजालोव उपस्थित थे।

रशियन युनियन आफ कल्चर प्रोफेशनल्स के अध्यक्ष अनातोली कोन्स्तॅतिनोव ने कहा, 1937 मे भारत में जन्म लिये इस पौधे ने अखिल विश्व पर राज्य करनेवाले विश्व विद्यालय का रूप लिया है। भलाई और प्रेमभाव से भरे इस अजिब केंद्र से बहुत कुछ सीख सकते है।

सेंट पीटर्सबर्ग होमियोपैथी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. स्वेतलाना पेसोनिया, नेवस्की एंजेल चैरिटीफाउण्डेशन के अध्यक्ष व्लादिमिर ल्युकानोव, एकोलाजिकल यूनियन आफ सेंट पीटर्सबर्ग के अध्यक्ष सेमॉन गोर्डीशेवकी, रशियन फिलासाफिकल सोसायटी के उपाध्यक्ष अरीझ गेजालोव, रशियन नॉर्थ वेस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. व्लादिमिर गोलोवकिन ने भी इस अवसर पर विचार व्यक्त किये। रशिया के जानेमाने गायक मिखाईल गावरीलोव और सर्जेरी बोगोल्युबस्कि ने सुंदर गीतों की प्रस्तुति दी और युथ डान्स ग्रुप इस्पिरेशन ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी।

## मेडिकल विंग ने 16 गांवों में दिया तम्बाकू निषेध का संदेश

**शिव आमंत्रण, नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में व्यसनमुक्ति अभियान व्यापक रीती से चलाया गया। संस्था के मेडिकल विंग द्वारा आयोजित इस अभियान द्वारा लगभग 16 गांव में रैली निकालकर लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। ब्रह्माकुमारीज के निमार्णाधीन रिट्रीट सेंटर जामठा के विश्व शांति सरोवर में मुख कर्करोग एवं पूर्व कर्करोग निदान शिविर का आयोजन भी किया गया था। इस अवसर पर शासकीय दंत चिकित्सक डॉ. सुशांत पाटील, डॉ. प्रकाश बंडीवार, नागपुर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके रजनी ने कहा कि व्यसन रूपी दलदल में समाज का अधिकांश हिस्सा किसी न किसी कारण से फसता चला जा रहा है। जिसे बाहर लाना भी हमारा ही कर्त्तव्य है।

## रिट्रीट में युवाओं ने दिखाया उत्साह

**शिव आमंत्रण, चेन्नई।** चेन्नई स्थित हैप्पी विलेज रिट्रिट सेंटर में युवाओं के लिए तीन दिवसीय रिट्रिट का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे तमिलनाडू स्टेट से 150 युवाओं ने उमंग उत्साह से भाग लिया। रिट्रिट के दौरान युवाओं को साइलेंस व स्प्रीचुअल विजडम को समझने के लिए सोल स्पा, गुडनेस कैफे तथा टनल ऑफ ब्लेसिंग्स जैसी कई क्रिएटिव कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की कॉर्डिनेटर बीके रंजानी ने बच्चों से मूल्य आधारित गतिविधियां भी कराई।

पर्यावरण महोत्सव

प्रकृति माता के तुल्य, नहीं करें इसका दोहन

# खाली जगह मिले, वहां पेड़ लगाएं : महेश गागड़ा

शिव आमंत्रण ■ रायपुर

पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते वनमंत्री महेश गागड़ा।

वर्तमान समय प्रदूषण इतना विकराल रूप ले चुका है कि इससे निपटने के लिए हमें व्यक्तिगत स्तर से काम करने की जरूरत है। जब तक हरेक व्यक्ति इसे अपनी जिम्मेवारी नही समझेगा तब तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सकता। उक्त विचार व्यक्त किये छत्तीसगढ़ के वनमंत्री महेश गागड़ा ने। वे ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के रायपुर सेवाकेन्द्र द्वारा आयोजित पर्यावरण महोत्सव कार्यक्रम में सभा को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि विकास की दौड़ में हम अपने मूल स्वभाव को छोड़कर आगे बढ़ रहे है जो कि दीर्घकालीक नहीं है। हमारा विकास पर्यावरण के साथ ही सम्भव है। इसे मानवमात्र को समझाने के लिए जो संस्थान ने प्रयास किया है वह काफी सराहनीय है। ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति मानसिंह परमार ने कहा कि हमारे देश में प्रकृति को माँ का दर्जा दिया जाता है। लेकिन इस माँ का भी इतना अधिक दोहन हो रहा है कि इसमें पहले जैसा सामर्थ्य नहीं रहा है। ऐसे समय पर जन जागृति का ये कार्य काफी प्रेरणास्पद है।

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की क्षेत्रीय निदेशिका बीके कमला ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण वैश्विक समस्या है। अत: इस पर गम्भीरता से विचार करने की जरूरत है।

**प्रकाशक एवं मुद्रक:** ब्र.कु. करुणा द्वारा प्रकाशित एवं डीबी सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित। Posted at Shantivan P.O. Dt. 18 to 20 of Each Month

**सलाहकार संपादक:** प्रो. कमल दीक्षित **संपादक:** ब्र.कु. कोमल, **संयुक्त संपादक:** ब्र.कु. पुष्पेन्द्र। **आरएनआई नंबर: आरजेएचआईएन/ 2013/53539**

पत्र व्यवहार का पता

अंतर्राष्ट्रीय /राष्ट्रीय समाचार

## हांगकांग मे नया सेवाकेंद्र समाज सेवा को समर्पित

**शिव आमंत्रण, हांगकांग।** हांगकांग में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के नए उपसेवाकेन्द्र के उद्घाटन अवसर पर माउण्ट आबू के ज्ञान मानसरोवर एकेडमी की निदेशिका बीके निर्मला मुख्य रूप से उपस्थित रही। विदेश में कई स्थानों में संस्थान के द्वारा ईश्वरीय सेवाएं लगातार जारी है, और इनके विस्तार के लिए अब हांगकांग में ब्रह्माकुमारीज़ के काउन्लून सेवाकेन्द्र द्वारा तंग चंग में नए सेवाकेन्द्र का निर्माण किया गया है, ताकि स्थानीय लोग भी आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग मेडिटेशन का लाभ लें सकें। इस अवसर पर रिबन काटकर तथा शिवध्वजारोहण कर नए भवन का शुभारम्भ किया गया। इसके बाद बीके निर्मला ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए परमात्मा शिव की याद में रह प्रत्येक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बीके बिंदु समेत शहर के गणमान्य व संस्था सदस्य मौजूद थे।

## मस्कट में हुआ साइलेंट मेडिटेटिव वॉक

**शिव आमंत्रण, मस्कट।** ओमान की राजधानी मस्कत में ब्रह्माकुमारीज़ के राजयोगा सेन्टर फॉर सेल्फ डेवलपमेंट एवं एम्बेसी ऑफ इंडिया, मस्कत द्वारा वॉक फॉर वेलनेस विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीसरे संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम कुरुम पार्क में किया गया, जहाँ ओमान में भारतीय राजदूत इंद्र मणि पांडे ने सहभागिता कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मस्कत फार्मेसी से बकुल मेहता तथा हयात क्लीनिक से कॉर्डियोलोजिस्ट डॉ. रमन भी इसका हिस्सा बने। मस्कत के राजयोगा सेन्टर फॉर सेल्फ डेवलपमेंट और एम्बेसी ऑफ इंडिया ने वॉक फॉर वेलनेस के ज़रिए मेडिटेशन एक्सपीरियंस तथा गुड हेल्थ के लिए प्रतिभागियों को कई टिप्स दिए। यह साइलेंट मेडिटेटिव वॉक थी, जिसमें माउण्ट आबू से आए बीके शांत कृष्णा ने योगा फॉर फिज़िकल हैल्थ, मेंटल, सोशल, एनवायरमेंटल एण्ड रिप्रच्युअल आदि 5 प्रकार के मेडिटेशन के बारे में बताया । इस वॉक का शुभारम्भ मस्कत में राजयोगा सेन्टर फॉर सेल्फ डेवलपमेंट की डायरेक्टर बीके गायत्री ने किया। सफेद पोशाक पहने लोगों की भीड़ कुरम पार्क से होते हुए कई स्थानों से गुज़री। कार्यक्रम के अंत में बीके शांता कृष्णा ने सभी प्रतिभागियों को राजयोगा मेडिटेशन का अभ्यास कराया। जिससे उपस्थित लोगों का शारीरिक एवं मानसिक विकास हुआ।

## पनामा में लोगों ने लिया राजयोग का लाभ

**शिव आमंत्रण, पनामा ।** पनामा सेवाकेंद्र पर संस्थान से जुड़े सदस्यों के लिए आयोजित एक वर्कशॉप में बीके वेदांती ने राजयोग के अभ्यास द्वारा स्वयं को तथा वातावरण को परिवर्तित करने की बात कही। इसके बाद बीके बहनों ने पनामा के भारतीय मंदिर में उपस्थित 70 लोगों को अपने अनुभवों से लाभान्वित किया। चाइल्ड फाउण्डेशन में ल्यूकोमिया और केंसर से पीड़ित लोगों तथा 130 स्वयं सेवकों से भी बीके वेदांती तथा बीके दिप्ती ने मुलाकात की और उनके साथ आध्यात्मिक ज्ञान चर्चा की।

## हेल्थकेयर पर रखे ध्यान

**शिव आमंत्रण, लंदन।** लंदन के ग्लोबल कॉपरेशन हाउस में जानकी फाउण्डेशन फार स्प्रिच्युएलिटी इन हैल्थ केयर और ब्रह्माकुमारीज़- वर्ल्ड स्प्रिच्युअल यूनिवर्सिटी यूके द्वारा द् हार्ट ऑफ वेल बिंग विषय पर एक टॉक शो आयोजित की गई। जिसमें माउण्ट आबू के ग्लोबल हॉस्पिटल एण्ड रीसर्च सेन्टर के मेडिकल डायरेक्टर बीके डॉ. प्रताप मिढ़ा तथा डायटिश्यन एण्ड फिटनेस एडवायज़र बीके डॉ. सुजाता राठी ने शिरकत की। द् हार्ट ऑफ वेल बिंग थीम के अन्तर्गत लंदन में हॉस्पिटल विद् अ बिग हॉर्ट विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लंदन की डॉ. जुलिया ऐडम्स ने डॉ. प्रताप तथा डॉ. सुजाता से बात-चीत की। हॉस्पिटल के बारे मे उपस्थित डॉक्टरों ने उनसे सवाल पूछे। विशेषत: बायपास के बिना हार्ट के ब्लॉकेजीस मेडिटेशन के द्वारा कैसे निकाले जाते है इसके बारे सबके मन मे जिज्ञासा थी। राजयोग से और शाकाहार से कैसे यह ब्लॉकेजीस निकाले जाते है यह उन्होने विस्तार से सबको बताया। उन्होने कहां, ग्लोबल हॉस्पिटल का मिशन स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूरी तरह से विश्व स्तर पर पिछले 25 वर्षों से आम जनता की अथक सेवा कर रहा है।

## 200 से अधिक पुलिस जवान राजयोग से लाभान्वित

**शिव आमंत्रण, भोपाल।** भोपाल के टी. टी.नगर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके नीता के निर्देशन में 23 बटालियन पुलिस परिसर में तनाव प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 200 से अधिक पुलिस जवान हिस्सा लेकर लाभान्वित हुए। इस अवसर पर राजयोग शिक्षिका बीके साक्षी, बीके सोनम और डॉ. ध्रुव ने तनाव के कारणों के साथ उसके निवारण पर भी प्रकाश डाला व राजयोग सीखाया।

## नेपाल में युवाओं ने लिया व्यसन छोड़ने का संकल्प

**शिव आमंत्रण, काठमांडु।** नेपाल के काठमांडु में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में नेपाल अर्बुद रोग निवारण संस्था ने एक विशेष जनचेतना रैली का आयोजन किया जिसका शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री गगन थापा ने रिबन काटकर किया। इस रैली में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के सदस्यों समेत कई स्कूल व कॉलेज के बच्चों ने उमंग-उत्साह से सहभागिता की। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री गगन थापा ने कहा कि इस कार्य को पूर्ण रूप देने के लिए नेपाल सरकार कार्य कर रही है। साथ ही ब्रह्माकुमारीज़ से बीके कुसुम ने कहा कि आज कई लोग तनाव व फैशन के कारण व्यसन करते हैं जिसे राजयोग के माध्यम से ही खत्म किया जा सकता है। इस दौरान उपस्थित युवाओं से भी व्यसन छोड़ने का संकल्प कराया।

## सूचना

सामाजिक सेवाओं तथा आन्तरिक सशक्तिकरण के प्रयास के साथ निकाला गया मासिक शिव आमंत्रण समाचार पत्र एक सम्पूर्ण अखबार है। जिससे आप सभी पाठकों का लगातार सहयोग मिल रहा है। यही हमारी ताकत है।

| | | |
|---|---|---|
| वार्षिक मूल्य | : | 90 रूपये |
| तीन वर्ष | : | 260 रूपये |
| आजीवन | : | 2200 रूपये |

**पत्र व्यवहार का पता**

संपादक: ब्र.कु. कोमल, ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया एवं पब्लिक रिलेशन ऑफिस, शांतिवन-307510 आबू रोड- 307510, जिला-सिरोही, राजस्थान

मो.8769830661, 9413384884

Email: shivamantran@bkivv.org, bkkomal@gmail.com